NT>

Title: Need for consolidation of embankments along the river Gandak in Gopalganj district in Bihar.

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के गोपालगंज जिलें में गण्डक नदी पर बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए अंग्रेजों के जमाने में सारण सुरक्षा तटबंध का निर्माण किया गया था। उस तटबंध का सांगोपांग ढंग से मरम्मती का कार्य करीब एक दशक से बंद हैं। सुरक्षा तटबंध विगत तीन वार्ों से दर्जनों स्थानों पर बाढ़ के कारण टूटे हैं। तटबंध एवं घरकी (रिंग बांध) के टूटने के कारण गोपालगंज जिले के कुचार्द कोर्ट, गोपालगंज, काझा, बरौली, सिद्धवलिया एवं बैकुंठपुर प्रखंडों के किसानों की खेती मारी जा रही है। जमीन बर्बाद हो गई है। सड़क, स्कूल, सरकारी भवन एवं निजी सम्पत्ति के अलावा जानमाल का बराबर नुकसान होता रहा है। राज्य सरकार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह अपने संसाधन से सुरक्षा तटबंध के मरम्मती का कार्य करा सके।

राज्य सरकार की ओर से गंगा बाढ़ नियंत्रण विभाग जल संसाधन विभाग, भारत सरकार के पास प्राक्कलन बनकर आया हुआ है। यदि फरवरी माह से मरम्मती कार्य आरम्भ नहीं किया गया तो अगली बरसात में भी बाढ़ से नुकसान उठाना पड़ेगा।

अस्तु मैं भारत सरकार के जल संसाधान मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि शीघ्र ही राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकृत कर, मांग के अनुसार आर्थिक संसाधन उपलब्ध करावें।â€¦ (व्यवधान)